CAREERINDIA



ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H** ವಿಷಯ : **ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ**

**Code No. : 61-H Subject : Third Language — HINDI**

( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / **Old Syllabus** )

( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ + ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ /**Regular Repeater + Private Repeater** )

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

i) यह प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका है ।

ii) इस प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में वस्तुनिष्ठ तथा विषयनिष्ठ कुल 54 प्रश्न हैं ।

iii) सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है ।

iv) प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हेतु जगह का प्रबंध है । आपको सही विकल्प का चयन कर उत्तर को पूर्ण रूप से अक्षर के साथ लिखना है ।

v) विषयनिष्ठ प्रश्नों हेतु प्रत्येक प्रश्न के नीचे पर्याप्त जगह का प्रबंध है । आपको प्रश्नों के उत्तर उसी जगह में देना है ।

vi) वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्नों के लिए दिये गये निर्देशों का पालन करें ।

vii) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ( सिवाय ग्राफ, डायग्राम तथा मानचित्र ) ।

viii) दिये गये विकल्प, अनुरूपता और जोड़कर लिखिए जैसे उत्तरों को काट-छाँट करना, दोबारा लिखना एवं चिह्न लगाना मना है । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।

ix) प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु परीक्षार्थी को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

x) दाहिनी तरफ हाशिया में जो जगह छोड़ा गया है उसमें कुछ मत लिखिए ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर प्रश्नों के नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में उसके संकेताक्षर सहित उत्तर पूर्ण रूप से लिखिए : $15 \times 1 = 15$

1) ''माला'' शब्द का बहुवचन शब्द है

(A) माल (B) माला

(C) मालाएँ (D) मालायाँ ।

2) ''बालक'' शब्द का अन्य लिंग है

(A) बालिका (B) बालिक

(C) बालाक (D) बलक ।

3) ''आसमान'' शब्द का समानार्थक शब्द है

(A) उपाय (B) समान

(C) बादल (D) आकाश ।

4) ''नजदीक'' शब्द का विलोम शब्द है

(A) पास (B) नजर

(C) दूर (D) तनिक ।

5) निम्नलिखित शब्दों में विजातीय शब्द है

(A) अनार (B) आम

(C) संतरा (D) ईख ।

6) ''परमौषध'' शब्द किस संधि का उदाहरण है ?

(A) दीर्घ (B) गुण

(C) वृद्धि (D) अयादी ।

7) ''बुझना'' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक शब्द है

(A) बुझना (B) बुझाना

(C) बुझवाना (D) बूझाना ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



8) ''पोल खुलना'' मुहावरे का अर्थ है

(A) सत्य प्रकट होना (B) दरवाजा खुलना

(C) असत्य प्रकट होना (D) स्तब्ध हो जाना ।

9) स्वर्ग ................. देवता देख रहे हैं । रिक्त स्थान में निम्नलिखित में से कौन कारक आता है ?

(A) में (B) से

(C) की (D) पर ।

10) वह मुहर्रम ...................... जुलूस था । रिक्त स्थान में निम्नलिखित में से कौन कारक आता है ?

(A) के (B) की

(C) को (D) का ।

11) स्त्री की संकीर्णता का इलाज किसके पास है ?

(A) पुरुष (B) पति

(C) प्रकृति (D) माँ-बाप ।

12) हमारे पूर्वजों ने किसमें दैवी-शक्ति का वास माना है ?

(A) तुलसी (B) नीम

(C) पीपल (D) आम ।

13) लक्ष्मीबाई अपने सैनिकों में जोश किस प्रकार भरती हैं ?

(A) साहसिक बातों से (B) वीरता से

(C) देवता दिखाकर (D) नारे लगाकर ।

14) 'चित्रकूट' कविता में कवि किसे संबोधित करते हैं ?

(A) शशि (B) प्रकृति

(C) बच्चों (D) गौरव-गिरि ।

15) बेलूर में मंदिर है

(A) गणेश (B) चेन्नकेशव

(C) विष्णु (D) लक्ष्मी ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



II. 16) **स्तम्भ – क** के वाक्यांशों के साथ **स्तम्भ – ख** के सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए :

5 × 1 = 5

| **स्तम्भ 'क'** | **स्तम्भ 'ख'** |
|---|---|
| A) हमारा पर्यावरण प्रदूषण रूपी | i) काम भी करने लगे हैं |
| B) सावित्री की आँखों में | ii) दूसरों का मुँह ताकना |
| C) कम्प्यूटर सुर सजाने का | iii) गुनगुना रही थी |
| D) प्रगति के लिए | iv) राजरोग से ग्रस्त हो रहा है |
| E) उदास रही | v) उपयोग हो रहा है |
| | vi) दूसरों का मुँह नहीं ताकना |
| | vii) प्रेमाश्रु छलक उठे |
| | viii) चक्की । |

III. निम्नलिखित रिक्त स्थानों में उचित शब्द भरिए : 5 × 1 = 5

17) लक्ष्मीबाई का दत्तक पुत्र ................................................... था ।

18) स्काउट शिक्षा से विद्यार्थीगण ................................................... की परिपाटी सीखते हैं ।

19) माइक्रोप्रोसेसर का आविष्कार ................................................... ई० में हुआ ।

20) कार के पीछे दौड़नेवाले ................................................... थे ।

21) 'अकाल और उसके बाद' कविता के कवि ................................................... हैं ।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 8 × 1 = 8

22) भारतीय परिवार के घर-आँगन की शोभा किससे बढ़ती है ?

23) कमल को कौन घर ले आया ?

24) लक्ष्मीबाई के अनुसार सैनिकों का लक्ष्य क्या है ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



25) प्रत्येक स्काउट के पास क्या-क्या होती हैं ?

26) बेलूर भूमि पर कला कहाँ से उतरी है ?

27) कविता के अनुसार कौन पिछलग्गू नहीं है ?

28) कवि रामेश्वरदयाल दुबे ने राजा का नमन क्यों किया है ?

29) चूहों की हालत क्यों शिकस्त रही ? कविता के आधार पर लिखिए ।

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 13 × 2 = 26

30) रामकृष्ण अय्यर ने कलाम की पिटाई क्यों की ?

31) पर्यावरण-प्रदूषण दूर करने में किन-किन पादपों का गौरव अनन्यतम है ?

32) निर्मला ने कमल को क्या-क्या लाकर दिया ?

33) विक्रम साराभाई के परिवार का परिचय दीजिए ।

34) सेनानायक ने लक्ष्मीबाई से क्या निवेदन किया ?

35) सुरेश द्वारा दिखाई गयी रिपोर्ट बुक कैसी थी ?

36) स्काउट शिक्षा में किस बात की शपथ ली जाती है ?

37) कम्प्यूटर विवाह संबंधों को कैसे जोड़ते हैं ?

38) 'अबके' कविता में कवि आरंभ में भगवान से क्या प्रार्थना करता है ?

39) व्यक्ति के गुण और दोष कब प्रकट होते हैं ?

40) सूखे पत्तों का भ्रम क्या है ?

41) कवि ने विविध उपकरणों को नमन क्यों किया है ?

42) 'अकाल और उसके बाद' कविता के आधार पर अकाल के बाद का चित्रण कीजिए ।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 5 × 3 = 15

43) शिक्षक अयादुरै सोलोमन के बारे में लिखिए ।

44) विक्रम साराभाई की शिक्षा का विवरण दीजिए ।

45) सुरेश के पिताजी कैसे आदमी थे ? स्पष्ट कीजिए ।

46) कवि नए ग्रह में किन बातों की अपेक्षा करता है और क्यों ?

47) वृंद अपने दोहों में क्या-क्या कहना चाहते हैं ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



VII. 48) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार – पाँच** वाक्यों में लिखिए : 4

हेतू ने शिष्टाचार का पालन कैसे किया ?

**अथवा**

नौकरों के बारे में श्रीमती का विचार क्या था ?

49) निम्नलिखित पद्यांश पूर्ण कीजिए : 4

घिरकर ..................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

........................................................ उच्च–उदार ।

**अथवा**

रहिमन ............................................................... ।

............................................................. कपाल ॥

VIII. 50) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 × 1 = 4

जो कुछ भी अपनी आँखों से देखा, बिना नमक-मिर्च लगाए बोल दिया — यही तो सत्य है । सत्य की महिमा अपार है । सत्य महान और परम शक्तिशाली है ।

सत्यवादिता के लिए साफ-सुथरा मन चाहिए । एक झूठ साबित करने के लिए हज़ारों झूठ बोलने पड़ते हैं और अपमानित होना पड़ता है ।

संस्कृत की सूक्ति है — "सत्यमेव जयते, नानृतम्" अर्थात् सत्य की ही विजय होती है, असत्य की नहीं । महात्मा गाँधी ने सत्य की शक्ति से ही विदेशी शासन को झकझोर दिया । राजा दशरथ ने सत्यवचन निभाने के लिए अपने प्राण त्याग दिए । राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा विश्वविख्यात है ।

(क) झूठ को साबित करने के लिए क्या-क्या करना पड़ता है ?

(ख) 'सत्य' का अर्थ क्या है ?

(ग) 'सत्यमेव जयते, नानृतम्' सूक्ति का अर्थ क्या है ?

(घ) राजा दशरथ ने अपने प्राण क्यों त्याग दिये ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड **या** अंग्रेजी में कीजिए : $2 \times 2 = 4$

51) डॉ॰ साराभाई ने अपना संपूर्ण जीवन विज्ञान की प्रगति और विकास के लिए समर्पित किया ।

52) फादर टी॰ एन॰ सेक्यूरिया अंग्रेजी पढ़ाते थे और हमारे हॉस्टल के वार्डन भी थे ।

X. 53) गाँव में होनेवाली मेले के कारण तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए । $1 \times 5 = 5$

**अथवा**

अपनी परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए अपने मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

XI. 54) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 15 - 20 वाक्यों में एक निबंध लिखिए : 5

क) कम्प्यूटर से लाभ

ख) मेरे प्रिय वैज्ञानिक

ग) अनमोल समय ।

www.careerindia.com